**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**
**केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)**
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2212207 फैक्स 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code: 1602

दुर्ग, दिनांक 19.01.2022

# गर्ल्स कॉलेज की निवेदिता वायुसेना में चयनित

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, की नियमित छात्रा कु. निवेदिता शर्मा का चयन हैदराबाद स्थित एयरफोर्स अकादमी में प्रशिक्षण के लिए हुआ है।

निवेदिता इस महाविद्यालय में बी. कॉम की नियमित छात्रा रही है। उन्होनें रायपुर से एयर एन.सी.सी. से वर्ष 2020 में सी प्रमाण–पत्र की परीक्षा 'ए' ग्रेड से उत्तीर्ण किया। निवेदिता ने प्रथम प्रयास में ही एयर फोर्स कामन एडमिशन टेस्ट परीक्षा पास कर सर्विस सलेक्शन बोर्ड में साक्षात्कार दिया उनका अंतिम चयन वायुसेना में लेखांकन शाखा में अधिकारी के लिए हुआ।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने निवेदिता की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि निवेदिता पढ़ाई के साथ ही चित्रकला में भी पारंगत है और कई प्रतियोगिताओं में पुरस्कृत हो चुकी है।

निवेदिता की इस सफलता पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी. सी. अग्रवाल, डॉ. अमिता सहगल, डॉ. ऋचा ठाकुर, तथा वाणिज्य विभागा के डॉ. ए. के. जैन, डॉ. के. एल.राठी, डॉ. विजय कुमार वासनिक ने बधाई दी है तथा इसे महाविद्यालय के लिए गर्व का क्षण बताया है।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

दुर्ग, दिनांक 19.01.2022

# प्रेस विज्ञप्ति

# गर्ल्स कॉलेज की निवेदिता वायुसेना में चयनित